# B.A.(Hons)Hindi /B.A.(Prog)/B.Com.

| Semester 1 | Course | Paper Name | Paper No. | Learning Outcome of Paper |
|---|---|---|---|---|
| | Core | हिन्दी भाषा और उसकी लिपि का इतिहास B.A.(Hons)Hindi | 1 | भाषा क्या है?उसका विकास किस प्रकार होता है? समाज पर उसका क्या प्रभाव पड़ता है? उसकी लिपि किस प्रकार अस्तित्व में आई है? इसकी संपूर्ण जानकारी विद्यार्थी को उपलब्ध कराना इस प्रश्न पत्र का उद्देश्य है। |
| | Core | हिन्दी कविता (आदिकाल एवं भक्तिकाल) B.A.(Hons)Hindi | 1.2 | राजनीति किस प्रकार मनुष्य पर अपना असर छोड़ती है । तथा मनुष्य की भावनाएँ और विश्वास कैसे कविता में आते हैं । इस बात का बोध कराना भक्तिकालीन कविता का मुख्य लक्ष्य है, भक्तिकालीन कविता से विद्यार्थियों को इस बात का पता चलता है कि किस प्रकार शास्त्र को कविता के अंदर उतारा जाता है और कैसे जनमानस भक्ति को एक आंदोलन के रूप में स्वीकार करता है। |
| | AECC | हिन्दी भाषा और सम्प्रेषण | 1.3 | भाषा को समझना उसके संपूर्ण आयामों को जानना तथा किस प्रकार उसको सही ढंग से संप्रेषित किया जाता है। इस बात की जानकारी विद्यार्थी को इस प्रश्न -पत्र से मिलते हैं। |
| Semester 1 | | | | |
| | | लोकप्रिय साहित्य | 1.4 A | इस प्रश्न-पत्र से साहित्य के लोकप्रिय पक्ष की जानकारी प्राप्त होगी साथ ही लोकप्रियता, जन प्रियता और बाजार की आवश्यकता को विद्यार्थी समझ सकेंगे तथा पाठक वर्ग को बताने में इस पक्ष की भूमिका का अवलोकन भी कर सकेंगे |
| | GE | हिन्दी सिनेमा और उसका अध्ययन | 1.4B | सिनेमा एक बहुत सशक्त माध्यम है जिसका प्रभाव समाज पर बहुत गहरा पड़ता है। इस प्रश्न पत्र के माध्यम से विद्यार्थियों को सिनेमा के विभिन्न पक्षों को जानने समझने का अवसर मिलता है। वर्तमान समय में इस क्षेत्र में रोजगार के अनंत अवसर उपलब्ध हैं। |
| | DSC | हिंदी भाषा और साहित्य का इतिहास B.A (Prog) | 1.1 | साहित्य समाज का दर्पण होता है. समाज में हुए बदलाव उसके सामाजिक, धार्मिक, राजनीतिक परिवर्तनों को साहित्य के माध्यम से भी समझा जा सकता है। |
| | CC | हिंदी भाषा और साहित्य क, ख अथवा ग B.A (Prog)/B.Com | 1.2 | इस वर्ग के विद्यार्थियों को साहित्य की सामान्य जानकारी दी जाती तथा भाषा से संबंधित उसके उद्भव और विकास के विषय में भी बताया जाता है। |

| Semester 2 | Course | Paper Name | Paper No. | Learning Outcomes |
|---|---|---|---|---|
| | Core | हिन्दी साहित्य का इतिहास (आदिकाल और मध्यकाल) B.A.(Hons) Hindi | 2.1 | समय के साथ -साथ किस प्रकार मनुष्य की अभिरुचियां बदलती हैं जिसको वह अपने काव्य में व्यक्त करता है। इसका इतिहास के साथ क्या संबंध है? कैसे सामाजिक, राजनीतिक स्थितियां काव्य को प्रभावित करती हैं? इस प्रश्न पत्र को पढ़ कर विद्यार्थियों को यह बात समझ आती है। |
| | Core | हिन्दी कविता (रीतिकाल) B.A.(Hons)Hindi | 2.2 | जब भी कविता सामाजिक सरोकारों से दूर होती है तो उसका अवसान बहुत जल्द आ जाता है। यह प्रश्न पत्र रीतिकालीन समाज की सामंती सोच से विद्यार्थियों का परिचय कराता है। इस युग की सामाजिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक परिस्थितियों से विद्यार्थियों को |
| Semester 2 | GE | पटकथा तथा संवाद लेखन | | इसमें विद्यार्थियों को पटकथा लेखन की तकनीक को बताया जाएगा तथा विद्यार्थियों में साहित्यिक विधाओं का पटकथा के रूप में रूपांतरण और संवाद कैसे लिखा जाएगा इसकी समझ विकसित करना इसका मुख्य उद्देश्य होगा. |
| | | रचनात्मक लेखन | GE | इस प्रश्न पत्र का उद्देश्य विद्यार्थी की रचनात्मक क्षमताओं को उभारना एवं उसको विभिन्न रचनात्मक विधाओं का ज्ञान कराना है । |
| | DSC | हिंदी कविता (मध्यकाल और आधुनिक काल) B.A (Prog) | 2.1 | मध्यकालीन कविता मोह- माया से दूर और ईश्वर से रागात्मक भाव पैदा करती है तथा पाखंडों का विरोध करना सिखाती है आधुनिक कविता पराधीनता से मुक्ति का मार्ग दिखाती है और स्वचेतना के प्रति जाग्रत करती है। |
| | CC | हिंदी भाषा और साहित्य क, ख अथवा ग B.A (Prog)/B.Com | 2.2 | इस वर्ग के विद्यार्थियों को साहित्य की सामान्य जानकारी दी जाती है तथा भाषा से संबंधित उसके उद्भव और विकास के विषय में भी बताया जाता है। |

| Semester 3 | Course Type | Paper Name | Paper No. | Learning Outcomes |
|---|---|---|---|---|
| | Core | हिंदी साहित्य का इतिहास (आधुनिक काल)B.A.(Hons)Hindi | 3.1 | आधुनिक काल के अंतर्गत विभिन्न विषयों की जानकारी जैसे नाटक, कहानी, उपन्यास तथा वर्तमान समय की विसंगतियों और विडंबना को दर्शाते हैं .इसका ज्ञान विद्यार्थियों को कराया जाता है |
| | Core | हिंदी कविता (आधुनिक काल छायावाद तक)B.A.(Hons)Hindi | 3.2 | कविता किस प्रकार राजनीति में दखल देती है साथ ही नए रास्ते और नए उद्देश्यों के लिए अपना रास्ता तलाशती है। समाज के सामान्य वर्ग के प्रति कितनी संवेदनशील होती है इसका ज्ञान विद्यार्थियों को आधुनिक कविता से होता है। |
| | Core | हिन्दी कहानी B.A.(Hons)Hindi | 3.2 | कहानी क्या है? समय बदलने के साथ- साथ मनुष्य और समाज के विचारों में किस तरह से परिवर्तन आता है। संबंधों में किस तरह से कटुता आती है। वह किस प्रकार से राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों से जूझता है। आजादी के बाद और आजादी के पहले मनुष्य स्वभाव में आए परिवर्तन को इन कहानियों में दर्शाया गया है। इसकी समझ विद्यार्थियों को दी जाती है। |
| | GE | हिंदी में व्यवहारिक अनुवाद | 3.4A | वर्तमान समय में एक भाषा से दूसरी भाषा में पठन-पाठन तथा अनुवाद के माध्यम से पाठ को प्राप्त करना आसान हो गया है। इसके लिए अनुवादक की जरूरत पड़ती है इससे विद्यार्थियों के लिए रोजगार की संभावनाएं बढ़ जाती हैं । |

| | | | |
|---|---|---|---|
| GE (DSC) | 2-अस्मिता मूलक अध्ययनऔर हिंदी साहित्य B.A. (Prog) | 6.2A/B | हिंदी साहित्य को विभिन्न विमर्शों ने किस प्रकार से प्रभावित किया है। तथा उसकी अभिव्यक्ति कविता कहानी उपन्यास में उपन्यास में किस प्रकार से हुई है। इसकी जानकारी अस्मितामूलक विमर्श से मिलती है। |
| | 1-भाषायी दक्षता B.A (Prog) | 6.3A | भाषा में किस प्रकार दक्षता हासिल की जा सकती है? उसके तमाम पहलुओं की जानकारी इस प्रश्न पत्र में दी जाती है। |
| SAC (DSC) | 2-विज्ञापन और हिंदी B.A (Prog) | 6.3B | हिंदी भाषा का विज्ञापन में किस प्रकार उपयोग किया जा सकता है कैसे उसकी रचनात्मक क्षमता बढ़ाई जा सकती है इस प्रश्न पत्र के माध्यम से विद्यार्थी भाषा के अनेक पहलुओं को जानते और समझते हैं । |